# DESIGN OF QUESTION PAPER
# SOCIAL SCIENCE
# MID TERM EXAM
# CLASS-VI/VII/VIII

**TIME: $2\frac{1}{2}$hrs** **M.M.:30**

Weightage and distribution of marks over different dimensions of the questions paper shall be as follows:

## Weightage to form of questions:

| S.No. | Form of Questions | Marks of each Question | Mid Term Exam | |
|---|---|---|---|---|
| | | | No. of Questions | Total Marks |
| 1 | Very Short Answer, MCQ, Fill in the blanks, etc. | 1 | 5 | **5** |
| 2 | Short Answer-I | 2 | 4 | **8** |
| 3 | Short Answer-II | 3 | 3 | **9** |
| 4 | Long Answer | 4 | 1 | **4** |
| 5 | Map Work | 4 | 1 | **4** |
| | Total | | 14 | **30** |

## Scheme of Options:

The Question paper will have one long answer type question to assess the values inherent in the texts. All questions are compulsory. There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been provided in some questions.

## Learning Outcomes- Social Science

| Social Science | |
|---|---|
| **Class** | **Learning Outcomes** |
| 6 | **Geography :**<br>1. Understands the concept of solar system, distinguishes between stars, planets and satellites.<br>2. Recognizes that earth is a unique celestial body and the reasons for it being so.<br>3. Develops an understanding of how day and night occur and seasons change by becoming well versed with the concept of rotation and revolution.<br>4. Identifies latitudes and longitudes and how it is used in locating place and time settings.<br><br>**History:**<br>1. Understands and appreciates why we need to study about our pasts which have shaped our present.<br>2. Comprehends how historians come to know about the pasts through various sources and anything that survive from earlier times. Identifies the different types of sources (archeological, literary and others) and their utility in understanding history of a period.<br>3. Can build upon how important developments such as discovery of fire, cultivation of crops, tools, wheel and pottery shaped history or influenced human life.<br>4. Is able to explain the gradual journey of man from hunter gatherer and wanderer to settled cultivator.<br>5. Explains the distinctive features of urban civilization beginning with earliest cities on Indus and can draw parallels with cities of today.<br>**Social and Political Life**<br>1. Understands the importance of diversity in society, and how discriminatory experiences exist in our society.<br>2. Is able to appreciate how despite diversity a nation stands united.<br>3. Understands the concept of equality of status and opportunity and can give examples from day to day life.<br>4. Is familiar with the types of government, their functions and how while working they complement each other. |
| 7 | **Geography:**<br>1. Understands the composition of major layers of the interior of the earth, various types of rocks, minerals, their composition and uses.<br>2. Exhibits the pattern of distribution and geographical extent of different climatic regions on the world map and globe.<br>3. Understands the phenomenon and causes of various natural disasters such as earthquake, flood and draughts. Can suggest preventive and remedial actions during such disasters.<br>4. Understands that there are different components of the environment and the interrelationship among them.<br>5. Is aware of the need for conservation of natural resources like air, water, |

| | |
|---|---|
| | energy, etc.<br><br>**History:**<br>1. Understands the importance of textual records in examining the history of the period in addition to manuscripts, inscriptions and archeological evidence.<br>2. Traces the key developments in North and South India from 7th to 12th Centuries and 12th to 16th century and can explain the similarities and differences among them.<br>3. Is able to explain the salient features and implications of the administrative, economic and military reforms under Khaljis, Tughlaqs and Mughals.<br>4. Is able to explain Akbar's unique religious and revenue policy in social, political, economic context of the time.<br><br>**Social and Political Life:**<br>1. Understands issues related to equality and can examine existence of inequality (social political and economic) with examples.<br>2. Questions and examines preconceived notions and ideas regarding institutions and processes.<br>3. Is able to appreciate the role of government in providing basic services like health and education. Can compare availability of the same in his own locality and other localities.<br>4. Is able to understand the difference between the process and mechanism of Parliamentary and State elections. |
| **8** | **Geography:**<br>1. Is able to identify different types of resources and their utility.<br>2. Is familiar with different types of industries, their classification on the basis of raw material, size ownership and so on and its impact on the life and livelihood. Examines the factors affecting their location.<br>3. Understands the factors affecting use of land. Shows sensitivity towards environmental issues such as degradation of soil and deforestation.<br>**History:**<br>1. Is able to trace the journey of British East India Company's expansion from a small trading company to the most dominant power in India and the consequences of the same.<br>2. Is able to explain how company's policies were reshaping the new order in countryside and its reactions in form of indigo rebellion and other revolts.<br>3. Can explain the causes of popular tribal revolts such as Santhal rebellion.<br>4. Digs deeper into/examines the origin, nature and spread of the Revolt of 1857 and the lessons learnt from it. Is able to appreciate how a new phase of history began after 1857<br>**Social and Political Life**<br>1. Appreciates the values enshrined in the Indian Constitution such as fundamental rights, secularism etc.<br>2. Appreciate that no one should be discriminated against on grounds of their religious practices and beliefs.<br>3. Applies the knowledge of the fundamental rights to find out about their violation, protection and promotion in a given situation (e.g. child rights).<br>4. Is able to compare the functions of State and Union government. |

| | |
|---|---|
| | 5. Is able to explain the key functions of MP and MLA.<br>6. Is familiar with the functions of legislature, how it works and the process of law making.<br>7. Is able to explain the importance of judiciary and its role in resolving the disputes at different level.<br>8. Shows awareness about one's own judicial rights (e.g. FIR etc.) |

# MODEL TEST PAPER-2017-18

## CLASS-VI

## SUBJECT- SOCIAL SCIENCE

## NISHTHA GROUP

**TIME : 2½ hours** **M.M. : 30**

सामान्य निर्देश :–

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- कुल प्रश्नों की संख्या 14 है।
- प्रश्न संख्या 1 से 5 तक 1 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 6 से 9 तक 2 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 10 से 12 तक 3 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 13 और 14, 4 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 14 मानचित्र का प्रश्न है।

1. ग्रहों के विषय में इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं हैं? 1


   1) इनमें अपना प्रकाश एवं ऊष्मा नहीं होती।


   2) ये सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।


   3) पृथ्वी एक ग्रह है।


   4) सूर्य भी एक ग्रह है।

2. सूर्य आकाश में अपने उच्चतम बिंदु पर है। मीरा की घड़ी में इस समय क्या बजा होगा? 1

1)



2)



3)



4)




3. वर्ष 2016 एक लीप वर्ष था। अगला लीप वर्ष कौन-सा होगा? 1

4. शहरी लोगों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, वे चालाक और भ्रष्ट होते हैं। यह..................का उदाहरण है। 1


5. अपने विद्यालय के अतीत को जानने के लिए आप किन स्त्रोतों का प्रयोग करेंगे? किन्ही दो के नाम लिखो। 1

6. किसी क्षेत्र की विविधता पर उसके ऐतिहासिक और भौगोलिक कारकों का बहुत असर पड़ता है। नीचे भारत के दो विविध क्षेत्रों के चित्र दिये हैं। चित्रों से संबंधित शब्दों/विशेषताओं को छाँटकर (बॉक्स में से) तालिका-1 (चित्र 1 से संबंधित) और तालिका-2 (चित्र 2 से संबंधित) में लिखिए। 2

चित्र-1



चित्र-2



राजस्थान

रेत का मैदान, याक, गर्म रेगिस्तान, बर्फ का मैदान, पश्मीना शाल, ऊँट, बंधेज साड़ी, छोटा तिब्बत

7. ''हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं। रंग, रूप, देश, भाषा चाहे अनेक हैं।'' आपकी कक्षा में आपकी प्रिय मित्र और आपमें भी खान, पान, त्योहारों, भाषा, पहनावे आदि के आधार पर बहुत-सी भिन्नताऐं होगी। आप अपनी दोस्त से इन आधारों पर कैसे भिन्न हैं? कोई दो बिंदु लिखो। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$

Or/अथवा

इनमें से कौन-सा विविधता व कौन-सा असमानता का उदाहरण है?

A) इंदु और नगमा पक्की सहेलियाँ हैं। इंदु के घर दीपावली पर मिठाई बनती है तो नगमा के घर ईद के दिन मीठी सेवई।

B) रामसरण जमींदार के पास 2 एकड़ ज़मीन है जबकि हरिया किसान के पास 50 गज़ जमीन का एक छोटा-सा टुकड़ा।

C) समीर केरल से आया है और मलयालम बोलता है। जबकि उसका मित्र बिपिन सेन बंगाली भाषा में बात करता है।

D) स्कूल के वार्षिकोत्सव में जिगर ने अपने क्षेत्र का प्रसिद्ध गरबा नाच किया तो सुखविंदर ने भांगड़ा कर धमाल किया।

8. सोचो और कारण लिखो। 1+1=2

1) हम दिन के समय चंद्रमा और सभी छोटी चमकीली वस्तुओं को देख नहीं पाते।

2) अत्यधिक ऊँचाई पर उड़ रहा हवाई जहाज बहुत छोटा दिखाई देता है।

9. चित्र में दो प्रकार के सिक्के दिये हैं। एक जिनका प्रयोग आज से 2500 वर्ष पूर्व होता था और दूसरा वह जिनका

प्रयोग आज होता है। चित्रों को देखकर उनके बीच कोई दो मुख्य अंतर लिखो। 2

चित्र–1



चित्र–2




10. निम्नलिखित के उत्तर संक्षेप में दीजिए :- 1+2=3

1) वीणा ने दिन के दो अलग समय पर अपनी परछाई का निरीक्षण किया। दिन के कौन–से समय उसकी परछाई सबसे छोटी और किस समय सबसे लंबी होगी?

2) ग्रीनविच से हर $15^o$ पूर्व में समय एक घंटा आगे होगा और हर $15^o$ पश्चिम में एक घंटा पीछे 1 अगर ग्रीनविच पर दिन के 12 बजे हैं तो:-

   i) ग्रीनविच से $30^\circ$ पूर्व स्थान पर क्या बजा होगा?

   ii) ग्रीनिच से $45^\circ$ पश्चिम स्थान पर क्या बजा होगा?

11. अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी नीले रंग की क्यों दिखाई देती है? ऐसा कहा जाता है कि पृथ्वी पर ही जीवन संभव है। क्या नहीं होने से पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं रहेगा? 3

12. निम्न को पूरा करो। 3

एक ग्राम पंचायत कई......................(छोटे क्षेत्रों) में बँटी हुई होती है। प्रत्येक वार्ड अपना एक प्रतिनिधि चुनता है जो.................के नाम से जाना जाता है। पंचायत क्षेत्र के लोग मिलकर .........................को चुनते है जो पंचायत का मुखिया होता है। वार्ड पंच और सरपंच मिलकर................का गठन करते हैं। इसका कार्यकाल...............साल का होता है। व इसका एक.....................होता है जिसकी नियुक्ति सरकार करती है।

<u>अथवा</u>

दिये गए अनुच्छेद को पढ़ो और संबंधित प्रश्नों के उत्तर दो।

पुरातत्त्वविदों को कुछ पुरास्थलों पर झोपड़ियों और घरों के निशान मिले हैं। जैसे कि बुर्जहोम के लोग गढडे के नीचे घर बनाते थे जिन्हें, गर्तवास कहा जाता है। इनमें उतरने के लिए सीढ़ियाँ होती थी। इससे उन्हें ठंड के मौसम में सुरक्षा मिलती होगी। पुरातत्त्वविदों को झोपड़ियों के अंदर और बाहर दोनों ही स्थानों पर आग जलाने की जगहें मिली हैं।

1) बुर्जहोम भारत के कौन–से राज्य में स्थित है?

2) गड्ढे के नीचे बने खास तरह के घरों को क्या कहा जाता था? ये आज के घरों से कैसे भिन्न हैं? कोई दो बिंदु

लिखिए।

3) आपको क्या लगता है झोपड़ियों के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर आग जलाने की जगह क्यों रही होंगी?

13. समाज की कुछ मान्यताओं को हम बिना सोचे समझे मान लेते हैं और विश्वास कर लेते हैं। कि हमारा और दूसरों का व्यवहार उसी छवि के अनुसार होना चाहिए। नीचे ऐसे कुछ उदाहरण दिये हैं, अपने शब्दों में लिखो कि इससे संबंधित व्यक्ति पर क्या गलत प्रभाव पड़ता होगा? (कोई चार) 4

उदाहरण के लिए :-

जैसे कि ''अच्छे घरों की लड़कियाँ पलट कर जवाब नहीं देती, वे सुशील होती है।''

ऐसा मान लेने से अपने साथ अन्याय होने पर भी वे महिलाऐं आवाज़ नहीं उठा पाती होंगी।

1) ''रोओ मत। तुम तो लड़के हो। लड़के बहादुर होते हैं, रोते नहीं हैं।''

2) ''हवाई जहाज उड़ाने का काम लड़कियाँ नहीं करती''

3) अंग्रेजी सबसे अच्छी भाषा है। जिन्हें यह नहीं आती वे गँवार और पिछड़े होते है।

4) लड़के गणित विषय में तेज़ होते है और लड़कियाँ अंग्रेजी विषय में।

5) लड़कों को जींस-टी शर्ट पहनना चाहिए और लड़कियों को सलवार-सूट ।

14. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र पर दिखाओ। 4

1) केरल

2) बुर्जहोम

3) कुरनूल गुफाऐं।

4) मेहरगढ़

अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

गर्तवास किसे कहते हैं? यह आज के घरों से किस प्रकार अलग है? कोई दो अंतर लिखिए।


भारत
राजनैतिक
INDIA
POLITICAL

**MODEL TEST PAPER-2017-18**

**CLASS-VI**

**SUBJECT- SOCIAL SCIENCE**

**NEO-READER GROUP**

**TIME : 2½ hrs.** **M.M. : 30**

सामान्य निर्देश :–

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- कुल प्रश्नों की संख्या 14 हैं।
- प्रश्न संख्या 1 से 5 तक 1 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 6 से 9 तक 2 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 10 से 12 3 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 13 व 14 चार अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 14 मानचित्र का प्रश्न है।

1. वर्ष 2016 एक लीप वर्ष था, लीप वर्ष हर चार साल में एक बार आता है तो अगला लीप वर्ष कौन-सा होगा? 1

   i) 2018 ☐  ii) 2019 ☐

   iii) 2020 ☐  iv) 2021 ☐

2. निम्न में से कौन-सा विविधता का रुप नहीं है। 1

   i) भाषा ☐  ii) पहनावा ☐

   iii) गरीबी ☐  iv) खान-पान ☐


3. आखेटक से सम्बन्धित दिए गए शब्दों को छांटकर नीचे स्थान के सामने लिखिए :- 1

   अनाज, इकट्ठा करना, शिकार करना, फल-फूल इकट्ठा करना, हिरण को मारना, शहद ढूँढ़ना, मछली पकड़ना।

| आखेटक के कार्य |
|---|
| 1. |
| 2. |

4. दिए गए चित्रों में औजारों का प्रयोग किस काम के लिए किया जा रहा है, अपने शब्दों में लिखिए। 1





यहाँ पर लिखिए

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

5. रुढ़िबद्ध धारणाएँ हमेशा सही नहीं होती जैसे:– लड़कियाँ क्रिकेट नहीं खेलती तथा लड़के नही रोते ऐसी किन्ही दो रुढ़िबद्ध धारणाओं के उदाहरण लिखे जो आपने सुनी/देखी हो जिनसे आप सहमत नहीं है। 1

दो उदाहरण

1 ..........................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

2 ..........................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

6. कथन पूरा करे:– 2

पूर्वाग्रह जब हम किसी के बारे में ................................कोई राय बना लेते है। जिसके कुछ उदाहरण है:–

1) शहरी लोग आलसी होते हैं।

2) ....................................................

7. अक्षांश और देशांतर दो अलग रेखाएँ है। इनके मुख्य अंतर लिखिए :– 2

| *अक्षांश रेखाएँ* | *देशांतर रेखाएँ* |
|---|---|
| 1. अक्षांश रेखाएँ समानांतर.......................... होती है/नहीं होती है। | 1. देशांतर रेखाएँ एक दूसरे के समानांतर .............. होती है/नहीं होती है। |

| | |
|---|---|
| 2. ग्लोब पर अक्षांश रेखाएँ........................ पूर्व से पश्चिम/उत्तर से दक्षिण होती है। | 2. ग्लोब पर देशांतर रेखाएँ............................पूर्व से पश्चिम/उत्तर से दक्षिण होती है। |

8. पृथ्वी सौरमंडल का सबसे अद्भुत ग्रह है क्योंकि पृथ्वी पर जीवन है ऐसा क्या है जो पृथ्वी को दूसरे ग्रहों से अलग करता है। 2

उ. ..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................


..........................................................................................................................................

9. इरफान जी एक पुरातत्वविद है। पुरास्थल पर खुदाई करते समय उन्हें कुछ वस्तुएँ मिली। बताइए कौन-सी वस्तु से वो अतीत के बारे में क्या जान सकते हैं मिलान करो:- 2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जानवरों की हड्डियाँ | a) | वे क्या खाते थे | |
| 2. | जले हुए बीज | b) | वे कहाँ रहते थे | |
| 3. | कपड़े का टुकड़ा | c) | क्या पहनते थे | |
| 4. | इमारत के अवशेष | d) | क्या उगाते थे | |

10. सूर्य से दूरी के आधार पर दिए ग्रहों को सही क्रम में लिखिए : 3

शुक्र, बुध, शनि, अरुण(यूरेनस), मंगल, वरुण (नेप्चयून)




11. छाँटिए और लिखिए :- 3

| |
|---|
| सड़क बनाना, सरकारी अनुदान, भवन बनाना, दान मिलना, नालियाँ बनाना, स्कूल बनाना, पानी का प्रबन्ध, कर इकट्ठा करना। |

1) ग्राम पंचायत कहाँ होती है?

..........................................................(गाँवों में/शहरों में)

2) ग्राम पंचायत के कोई दो काम लिखो।


..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

3) ग्राम पंचायत के आमदनी के दो स्रोत लिखो।

..........................................................................................................................................

12. नीचे दिये चित्र को ध्यान से देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3



1) यह किसका चित्र है?

..........................................................................................................


2) ये किस पर लिखी मिलती है?

..........................................................................................................

3) ये प्राय: कहाँ से प्राप्त होती है?

..........................................................................................................

13. नीचे भारत के दो विविध क्षेत्रों के चित्र दिए है। इनसे संबंधित विशेषताओं को सही चित्र के नीचे लिखे:– 4





गर्म रेगिस्तान, ऊँट, बर्फ का मैदान, याक, ठण्डा रेगिस्तान, पशमीना शाल, बंधेज साड़ी, रेत का मैदान

| | | |
|---|---|---|
| राजस्थान ← | 1. | 3. |
| | 2. | 4. |
| लद्दाख ← | 1. | 3. |
| | 2. | 4. |

14. मानचित्र कार्य।

निम्नलिखित को दिये गये भारत के मानचित्र पर दिखाइए :- 4

i) मगध : राज्य

ii) वह स्थान जहाँ सबसे पहले गेहूँ और जौ उगाया गया।

iii) कूरनूल गुफाएँ

iv) भीमबेटका

अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

मगध राज्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।




The [illegible] itorial waters of Indian extend into the sea to a distance of [illegible] nautical miles measured from the appropriate base line.
The External Boundary and Coast line of India shown on this map agree with the Record/Master Copy
Certified by the Survey of India Dehra Dun Vide their letter No T B 1218/82-A 1st

# MODEL TEST PAPER-2017-18

## CLASS-VI

## SUBJECT- SOCIAL SCIENCE

## PRATIBHA GROUP

**TIME : 2½ hrs.** **M.M. : 30**

सामान्य निर्देश :–

- सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
- कुल प्रश्नों की संख्या 14 है।
- प्रश्न संख्या 1 से 5 तक 1 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 6 से 9 तक 2 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 10 से 12 तक 3 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 13 और 14 4 अंक के हैं।
- प्रश्न संख्या 14 मानचित्र का प्रश्न है।

1. दिए गए कथनों को सही करके लिखिए। 1

   i) भारत की विविधता या अनेकता ही उसकी कमजोरी का स्रोत है।

   ii) पूर्वाग्रह और रूढ़िबद्ध धारणाएँ समानता को बढ़ावा देती है।


2. प्राचीन समय में यात्री रात में दिशा का निर्धारण तारों की सहायता से करते थे। ध्रुव तारा इसमें कैसे मदद करता था? 1

3. पृथ्वी पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाती है। वे स्थान जो ग्रीनविच के पूर्व में हैं उनका समय ग्रीनविच समय से पीछे होगा। कथन को सही करके लिखिए। 1

4. यदि पृथ्वी घूर्णन नहीं करेगी तो जीवन संभव नहीं हो पाएगा। तर्क दो। 1

5. कश्मीर के बुर्जहोम में कुछ विशेष प्रकार के घर मिले हैं। वो आज के घरों से कैसे अलग हैं? 1

6. नीचे चित्र–1 में मिस्त्र देश से मिली एक अज्ञात लिपि दी गई है। प्रत्येक चित्र एक अक्षर को दर्शाता है। जैसे ''L'' अक्षर के लिए शेर और ''ए'' अक्षर के लिए चिड़िया का चित्र बना है। इन्हें पहचान कर बताओ की आप निम्नलिखित शब्दों को चित्रों में कैसे लिखोगे? ½+½+½+½=2



1) TOP 2) LIPS 3) MISS 4) PILOT

7. लद्दाख और केरल दो विविध क्षेत्र हैं। नीचे दी गई तालिका में उनकी विविधता के आधार दिए है। उचित उदाहरण देकर तालिका को पूरा करो। भौगोलिक स्थितियों के अनुसार उनका पेशा/जीवनयापन का साधन क्या रहा होगा? 2


| विविधता का आधार | लद्दाख | केरल |
|---|---|---|
| 1. भौगोलिक स्थिति एवं विशेषताएँ | | |
| 2. विशेष पशु | | |

8. रुढ़िबद्ध धारणा किसे कहते है? रुढ़िबद्ध धारणाओ और भेदभाव में क्या अंतर है? एक उदाहरण देकर समझाओ।2


9. भारत ग्रीनविच के पूर्व $82^{o}30$ उ. में स्थित है। यहाँ का समय ग्रीनविच समय से 5 घंटा 30 मिनट आगे है। (i) जब भारत में शाम के 7.30 बजे होंगे तो लन्दन में कितना बजा होगा? (ii) यदि ग्रीनविच पर 12 बजे है तो उससे $30^{o}$ पूर्व स्थित जगह पर क्या बजा होगा? 2

अथवा

समीर ने अपनी कक्षा के लिए सौरमंडल का एक चार्ट बनाया। पर उसने कुछ ग्रहों की स्थिति को उलट-पलट कर दिया। ग्रहों की सही स्थिति दर्शाने में उसकी मदद करो।




10. इरफान जी एक पुरातत्वविद हैं। एक टीले की खुदाई करने पर उन्हें अलग-अलग स्तरों पर विभिन्न जानवरों की हड्डियाँ मिली। नीचे दिए टीले का चित्र देखो और कुछ निष्कर्ष निकालने में उनकी मदद करो। 3



1) आपके अनुसार स्तर 1, 2, 3, 4 में सबसे पुराना कौन-सा है?


2) स्तर 4 पर जंगली जानवरों की संख्या सबसे ज्यादा है? इससे हमें क्या पता चलता है?

3) कौन-से स्तर पर मवेशियों की संख्या सबसे ज्यादा है? इससे हमें क्या पता चलता है?

11. पूर्वाग्रह तथा रुढ़िबद्ध धारणाएँ ज्यादातर नकारात्मक होती है और समाज में असमानता को बढ़ावा देती है प्रत्येक के दो उदाहरण देकर समझाइए कि ये कैसे असमानता को बढ़ावा देती है? 3

अथवा

नीचे दिए चित्र को देखकर बताइए (i) 22 दिसंबर 23 सितंबर को उत्तरी व दक्षिणी गोलार्ध में कौन-कौन सी ऋतुएँ होगी ? (ii) 21 जून को पृथ्वी की स्थिति कैसी होगी, चित्र बनाकर पूरा करो।




12. वैज्ञानिकों ने एक ग्रह की खोज की है जिसपर स्थितियाँ कुछ इस प्रकार पाई गई है:- 3

एक नई खोज-शुभ्रा ग्रह

वैज्ञानिकों ने एक नए ग्रह की खोज कर ली है। वे शोध कर रहे हैं कि क्या इस पर जीवन की संभावनाऐं हो सकती है? तापमान अत्यधिक ठंडा है। वायु की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं परंतु पानी का कोई स्रोत अभी तक देखा नहीं गया। ज़रूरी गैसों जैसे आक्सीजन, नाइट्रोजन आदि का भी अभाव पाया गया। किसी वनस्पति या प्राणियों के अवशेष भी नहीं मिले हैं। इस ग्रह को उन्होंने शुभ्रा ग्रह का नाम दिया है।

विश्लेषण करके बताओ कि क्या उस ग्रह पर जीवन संभव है? इस ग्रह की तुलना पृथ्वी से करके बताओ कि पृथ्वी पर जीवन क्यों संभव है?

13. ग्राम पंचायत का मुख्य काम अपने क्षेत्र में आने वाले कार्यक्रमों को लागू करवाना होता है ताकि ग्राम पंचायत पूरे गांव के हित में निष्पक्ष रुप से काम कर सके। इसमें ग्राम सभा की बहुत अहम् भूमिका है। ग्राम पंचायत के किन्हीं दो कार्यो के विषय में लिखें वे ये कार्य निष्पक्ष रुप से हो ऐसा करने के लिए ग्राम सभा क्या करती है? 4

अथवा

हड़प्पा सभ्यता के नगरों में घर, नाले और सड़कों का निर्माण एक योजनाबद्ध तरीके से किया जाता था। विस्तार करें। आधुनिक नगरों और हड़प्पा सभ्यता के नगरों में क्या समानताएँ नजर आती है? अपने शब्दों में लिखो।

14. मानचित्र कार्य : 4

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाए।

i) वह स्थान जहाँ सबसे पहले गेहूँ और जौ उगाया गया।

ii) वह स्थान जहाँ लोग (गर्तवास) जमीन के नीचे घर बसाते थे।

iii) वह नगर जिसके नाम पर हड़प्पा सभ्यता का नाम पड़ा।

iv) हड़प्पा सभ्यता का वह नगर जहाँ महान स्नानागर के अवशेष मिले हैं।




अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

हड़प्पा सभ्यता के भवनों की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

## MODEL TEST PAPER (2017-18)

## CLASS-VII

## SOCIAL SCIENCE

## NISTHA GROUP

**Time : 2 : 30 hrs.** **M.M.30**

प्रश्न 1 मध्यकाल के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप पर अनेक नई फसलें आई। नीचे दिए गए विकल्प में ऐसी फसलों को पहचानें व चयन करें। 1

(क) गेहूं और बाजरा (ख) हरीमिर्च और आलू

(ग) धान और रागी (घ) चना और जौ

प्रश्न 2 वायुमंडल अनेके गैसों का मिश्रण है; जिसमें मुख्यत: नाइट्रोजन, ऑक्सीजन और कार्बन डाई ऑक्साइड हैं। गैसों के काम के आधार पर उन्हें पहचानें। 1

(1) यह गैस ग्रीन हाऊस प्रभाव (हरित घर प्रभाव) उत्पन्न करती है

अथवा

(2) इस गैस का उपयोग पौधे में स्थित जीवाणु पौधे की वृद्धि में करते हैं।

प्रश्न 3 हमारे संविधान में सभी वयस्कों को बिना किसी भेदभाव के वोट डालने का अधिकार है। इनमें से किसको वोट डालने का अधिकार नहीं होगा ? 1

(क) 19 साल का कॉलेज जाने वाला प्रभात

(ख) कांता जो दूसरों के घर में घरेलू काम करती है।

(ग) विदेशी नागरिक जोसेफ जो भारत घूमने आए हैं।

(घ) मुख्यमंत्री

प्रश्न 4 प्रशस्तियों में कवि अपने राजा के गुणों और कार्यों का बहुत बढ़ा-चढ़ा कर वर्णन करते थे। प्रशस्तियों में प्राय ऐसे ब्योरे होते थे जो पूरी तरह सत्य नहीं होते थे। प्रशस्तियों में ऐसा क्यों लिखा जाता था ? 1

प्रश्न 5 हमारे चारों ओर प्राकृतिक, मानव निर्मित या स्वयं मानव मिलकर पर्यावरण बनाते हैं। पर्यावरण के दो-दो महत्वपूर्ण घटकों प्राकृतिक व मानवीय के एक-एक उदाहरण लिखिए। 1

प्रश्न 6 एक निर्वाचन क्षेत्र के लोग अपना एक प्रतिनिधि विधायक के रूप में चुनते हैं। यह आशा की जाती है कि विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं और मुद्दों पर विधानसभा में चर्चा करेंगे। यदि आप विधायक हैं तो अपने क्षेत्र की चार समस्याओं और मुद्दों की सूची बनाएं जिन पर आप विधानसभा में चर्चा करेंगे। 2

प्रश्न 7 उन चार कार्यों की सूची बनाइये जिन्हें सामान्यत: घर में महिलाओं का माना जाता है तथा महिलाएँ उन्हें घरेलू कार्य के रूप में काम करती हैं, किन्तु घर के बाहर उन्हीं कार्यों को पुरूष करते हैं क्योंकि बाहर उन कामों के पैसे मिलते हैं। 2

प्रश्न 8 पाण्डुलिपियाँ हाथ से लिखी पुस्तकें होती थी, जो उस काल का इतिहास जानने का महत्वपूर्ण स्रोत रही है। पाण्डुलिपियों के अध्ययन में इतिहासकारों को क्या-क्या परेशानियाँ आती हैं ? 2

प्रश्न 9 मनसबदार मुगल सेना और प्रशासन में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। मनसबदार और जागीदार में क्या-क्या अंतर थे ? 2

प्रश्न 10 गीले कपड़े किन दिनों में देर से सूखेंगे-गर्मियों के दिनों में या बरसात के दिनों में ? क्यों ? कोई दो कारण लिखिए। 3

प्रश्न 11 समाज में फैली अनेक प्रकार की असमानताओं को दूर करने के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं। कानून बनने के बाद भी असमानताएँ दूर नहीं हुई हैं। असमानताओं को दूर करने के तीन सुझाव दिजिए 3

प्रश्न 12 प्रकृति हमारे जीवन को किस प्रकार संतुलित करती है ? जब प्रकृति द्वारा बनाया गया संतुलन बिगड़ जाता है तो इसके क्या-क्या गंभीर परिणाम होंगे? ऐसे तीन दुष्परिणाम लिखिए। 3

प्रश्न 13 आप अखबार और टेलिविजन में कुछ शब्दों को खुब सुनते हैं। इन दिए गए शब्दों को समझाएँ।

(क) निर्वाचित क्षेत्र (ख) बहुमत (ग) शासक दल (घ) प्रतिनिधि 4

अथवा

एक राज्य में विधानसभा के चुनाव हुए हैं जिसमें कुल 170 निर्वाचित सदस्य हैं। यहाँ सरकार का गठन किस प्रकार होगा ? सरकार में मुख्यमंत्री, मंत्री किस प्रकार बनेंगे ? 4

प्रश्न 14 भारत के मानचित्र में दर्शाइए - (कोई चार) 4

(क) दिल्ली (ख) अजमेर (ग) मैसूर (घ) तंजावूर (ङ) लाहौर

अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

मध्यकाल के इतिहास को जानने के लिए इतिहासकारों के पास कौन-कौन से स्रोत हैं, कोई चार लिखिए।


भारत
राजनैतिक
INDIA
POLITICAL

**MODEL TEST PAPER (2017-18)**

**CLASS-VII**

**SOCIAL SCIENCE**

**NEO READER GROUP**

**Time : 2:30 hrs.** **M.M.30**

प्रश्न 1 वायुमण्डल में कौन–सी परत सूर्य की किरणों से हमें बचाती है ? बॉक्स में लिखिए। 1

1. बादलों की परत
2. ओजोन की परत

उत्तर [ ]

प्रश्न 2 अपने हवाई जहाज को आकाश में उड़ते देखा हैं। यह वायुमंडल के कौन से हिस्से में उड़ाया जाता है ? बॉक्स में लिखिए?

1. क्षोभ मंडल
2. समताप मंडल 1

उत्तर [ ]

प्रश्न 3 ओजोन की परत वायुमंडल के कौन से हिस्से में पाई जाती है ? बॉक्स में लिखिए :- 1

1. क्षोभ मंडल
2. समताप मंडल

उत्तर [ ]

प्रश्न 4 राजू की आयु अभी 15 वर्ष है वो भी वोट देना चाहता है पर वह अभी वोट नहीं दे सकता क्योंकि वोट देने के लिए ------------- वर्ष या उससे अधिक होना जरूरी है। 1

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए स्थान में लिखिए। 2

| | | |
|---|---|---|
| 1.<br>2. | दिल्ली के सुल्तानों के शासन काल में प्रशासन की भाषा क्या थी ?<br>इब्नबतूता किस देश का रहने वाला था ? | |

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों से सम्बन्धित शब्द पर गोला ◯ लगाइए :- 2

1. मनसबदार :- 1. राजा 2. घोड़ा 3. एक पद

2. अकबर :- 1. मुगल सम्राट 2. हिन्दु शासक 3. अन्य

प्रश्न 7 दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाऐं। 2

सभी पेड़-पौधे, जीव-जन्तु एवं मानव अपने आस-पास के पर्यावरण पर आश्रित होते हैं प्रायः वे एक-दूसरे पर निर्भर है। जीवधारियों का आपसी एवं अपने आस-पास के पर्यावरण के बीच का सम्बन्ध ही परितन्त्र का निर्माण करता है। 2

(क) पारितन्त्र क्या है ?

1. जहाँ पेड़-पौधे और मानव का कोई सम्बन्ध नहीं होता । ☐
2. जहाँ पेड़-पौधे को काटने से मानव स्वस्थ रहता हो। ☐
3. जहाँ प्रकृति और मानव आपस में एक-दूसरे पर निर्भर हो। ☐

(ख) पारितन्त्र से मानव को क्या लाभ होता है ?

1. कोई लाभ नहीं है। ☐
2. मानव जीवन के लिए पारितन्त्र जरूरी है। ☐
3. मानव के लिए पेड़-पौधों की कोई आवश्यकता नहीं है। ☐

प्रश्न 8 खाली स्थान भरिए :- 2

1. भारतीय कानून के समक्ष भारत का प्रत्येक नागरिक .............................. है । (समान/असमान)
2. दौसा गाँव के कुछ विशेष वर्ग के लोगों का मंदिर में प्रवेश करना मना है। आपके अनुसार क्या यह व्यवहार समानता का है ? कारण भी लिखिए।


____________________________________________

____________________________________________

प्रश्न 9 आपके विद्यालय में सबके साथ समान व्यवहार हो इसके लिए क्या होना चाहिए ? कोई दो उपाय लिखिए। 2

1. ................................
2. ................................

प्रश्न 10 दिए गए चित्र को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 3




→ 0.93% आर्गन गैस

→ 0.03% कार्बन डाई ऑक्साइड

78% नाइट्रोजन

→ 21% ऑक्सीजन

→ 0.04% अन्य सभी गैस

(क) वायुमंडल में सबसे अधिक कौन-सी गैस पाई जाती है ?

उत्तर ..................................

(ख) जब हम सांस लेते है तब ऑक्सीजन को भीतर लेते हैं और कौन-सी गैस बाहर छोड़ देते हैं ?

उत्तर ..................................

(ग) जब पेड़-पौधे सांस लेते हैं तब वे कौन-सी गैस को बाहर छोड़ते हैं ?

उत्तर ..................................

प्रश्न 11 आइए पता लगाए :- 3

राधा और अमर भाई-बहन हैं। राधा को घर का सारा काम करना पड़ता है। जैसे - साफ-सफाई, खाना-बनाना, कपड़े धोने आदि जबकि अमर कोई काम नहीं करना पड़ता। यहाँ तक कि अमर रात में घर भी लेट आता है और राधा को रात में बाहर जाना माना है।

(क) राधा को रात में बाहर जाना क्यों मना होगा? कोई दो बिंदु लिखिए।



1. ....................................

2. ...................................

(ख) अमर को घर के कौन-कौन से काम करने चाहिए ?

1. ..................................

2. ..................................

प्रश्न 12 सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाओ। 3

(क) दिल्ली को सबसे पहले किसने राजधानी बनाया था ?

1. तोमर राजपूतों ने ☐
2. खिलाजी वंश ने ☐
3. तुगलक वुंश ने ☐
4. लोदी वंश ने ☐


(ख) इनमें से कौन शासक कभी दिल्ली का शासक नहीं रहा ?

1. कुतुबुद्यीन ऐबक ☐
2. अलाऊद्यीन खिलजी ☐
3. मुहम्मद तुगलक ☐
4. नादिर शाह ☐

(ग) इनमें से कौन–सा शासक मुगल सम्राट नहीं था ?

1. बाबर
2. हुमायुँ
3. अकबर
4. पृथ्वी राज चौहान

प्रश्न 13 चित्र को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4




(क) ऊपर लिखे कामों में से ऐसे कोई दो काम लिखो जिनसे महिलाओं को आमदनी होती है ?

1. ..........................................
2. ..........................................

(ख) ऊपर लिखे कामों में से ऐसे कोई दो काम लिखो जिनसे महिलाओं को आमदनी नहीं होती है ?

1. ..........................................
2. ..........................................

(ग) ऐसी दो महिलाओं के नाम लिखों जिन्होने देश विदेश में अपना नाम रोशन किया ?

1. ..........................................
2. ..........................................

(घ) ऐसे दो रोजगार/पेशों के नाम लिखो जिसमें आपको महिलाएँ ज्यादा मिलता है।

1. ..........................................
2. ..........................................

प्रश्न 14 इस मानचित्र में मुगल काल से सम्बन्धित दिए गए किन्हीं चार स्थानों को छाँटकर दिखाओ।

| | |
|---|---|
| 1. अजमेर | 2. लाहौर |
| 3. गुजरात | 4. बंगाल |
| 5. दिल्ली | 6. पटना |

अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

मुगल काल के कोई चार प्रमुख केन्द्रों के नाम लिखिए।

<u>भारत का मुगलकालीन मानचित्र</u>

<u>राजनैतिक मानचित्र</u>




The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
The External Boundary and Coast-line of India shown on this map agree with the Record/Master Copy
Certified by the Survey of India Dehra Dun. Vide their letter No. T.B. 1218/02-A 1st

# MODEL TEST PAPER-2017-18

## CLASS-VII

## SUBJECT- SOCIAL SCIENCE

## PRATIBHA GROUP

**TIME : 2½ hrs.** **M.M. : 30**

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए - 1

   मुगलों की आमदनी का मुख्य स्रोत था–

   a) व्यापार b) भेंट c) मकानों पर कर d) कृषि पर कर

2. रज़िया सुल्तान का शासक बनना उस समय किन अर्थों में अनोखा था? 1

3. सही विकल्प चुने :- 1


   मध्य युग में भारतीय उपमहाद्वीप में नए धर्म इस्लाम का आगमन किनके माध्यम से हुआ?

   a) योद्धाओं द्वारा b) व्यापारियों द्वारा c) गुलामों द्वारा d) धार्म गुरूओं द्वारा

4. यदि एक विधानसभा में कुल 120 निर्वाचित सदस्य हैं, इस राज्य में सरकार बनाने के लिए कम से कम कितने विधायकों का समर्थन आवश्यक होगा? 1

   (1) 59 (2) 60 (3) 61 (4) 62

5. चित्र को ध्यान से देखें इस चित्र में छायांकित भाग क्या दर्शाता है? इस भाग का निर्माण किस प्रकार होता है? 1




6. किसी ज्वालामुखी के फटने से पृथ्वी के अन्दर से मैग्मा/लावा के रूप में सतह पर आता है। लावा ठण्डा होकर किस प्रकार की शैल बनती है? इन्हें प्राथमिक शैल क्यों कहा जाता है? 2

7. ''सरकारी विद्यालयों में दोपहर का भोजन (Mid Day MEAL) योजना केवल पौष्टिक आहार ही प्रदान नहीं करती बल्कि छात्रों में असमानता के भाव को भी कम करती है।'' कोई दो बिन्दु लिखिए कि यह योजना छात्रों में समानता का भाव किस प्रकार लाती है। 2

8. यदि आप बीमार होते हैं, तो आप ईलाज के लिए कहाँ जाना पसन्द करेंगे-निजी चिकित्सक या सार्वजनिक (सरकारी) अस्पताल? कारण बताईये, क्यों? 2

9. चोल शासकों ने अनेक भव्य मन्दिर बनवाए, इस काल में किस प्रकार मन्दिर, आस-पास की आर्थिक, सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों का केन्द्र बन गए? 2

10. आर्द्रता क्या है? वायु में आर्द्रता की मात्रा किन-किन कारकों पर निर्भर करती है? 3

11. विधायक को जनता का प्रतिनिधि क्यों कहा जाता है? विधानसभा में वह क्या-क्या काम करते हैं? 3

12. नौकरी करने वाली महिलाओं पर अक्सर ''काम का दोहरा बोझ'' पाया जाता है। ''काम का दोहरा बोझ'' का क्या अर्थ है? उदाहरण सहित लिखिए। 3

**Or/*अथवा***

प्राय: समाज में पाया जाता है कि लड़के व लड़कियों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता। ऐसे चार उदाहरण दीजिए जहाँ लड़के लड़कियों में भेदभाव दिखाई देता है? इस व्यवहार के पीछे क्या कारण है? इसे किस प्रकार दूर किया जा सकता है?

13. आपके विद्यालय में आपदा प्रबन्धन के कार्यक्रम में अनेक बार मॉक ड्रिल (अभ्यास) होती है ताकि समय पर काम आए। यदि विद्यालय समय में भूकम्प आ जाए तो आप सुरक्षा के लिए क्या-क्या करेंगे? 4

**Or/*अथवा***

पृथ्वी के धरातल या ऊपरी सतह पर लगातार भू-आकृतियाँ बदलती रहती हैं। इसमें दो प्रकार की शक्तियाँ काम करती हैं। पृथ्वी के धरातल को बदलने वाली दो शक्तियों (बल) का उदाहरण देकर व्याख्या करें।

14. भारत के मानचित्र पर निम्न स्थानों को दर्शाइए –

a) दिल्ली b) मैसूर c) लाहौर d) कन्नौज

अथवा

(केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए)

दिल्ली के चार प्राचीन शहरों के नाम लिखिए। 4




The [illegible] itorial waters of Indian extend into the sea to a distance of [illegible] nautical miles measured from the appropriate base line.
The External Boundary and Coast line of India shown on this map agree with the [illegible] Copy
Certified by the Survey of India, Dehra Dun. Vide their letter No. T.B. 1218/82-A 1st

# MODEL TEST PAPER (2017-18)

## CLASS-VIII

## SOCIAL SCIENCE

## NISTHA GROUP

**Time : 2.30 hrs.** **M.M.30**

सामान्य निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. कुल प्रश्नों की संख्या 14 है।
3. प्रश्न संख्या 1 से 5 तक 1 अंक के हैं।
4. प्रश्न संख्या 6 से 9 तक 2 अंक के हैं।
5. प्रश्न संख्या 10 से 12 तक 3 अंक के हैं।
6. प्रश्न संख्या 13 से 14 तक 4 अंक के हैं।
7. प्रश्न संख्या 14 मानचित्र का प्रश्न है जिसके लिये मानचित्र संलग्न है।

प्रश्न 1 कथन पूरा कीजिए।

सन् 1600ई में अंग्रेज भारत ...................... के लिए आए थें। (बसने/ व्यापार करने) (1)

प्रश्न 2 सही उत्तर छाँट कर लिखो।

1. नवीकरणीय संसाधन वे संसाधन जो .................................।

(क) पुन: नवीकृत हो जाते हैं। (1)

(ख) जिनका भंडार सीमित है।

(ग) जो संसाधन सभी जगह पाए जाते हैं।

प्रश्न 3 अपनी कक्षा को ठीक से चलाने के लिए कोई दो नियम तय कीजिए। (1)

प्रश्न 4 कथन को सही करके लिखिए : (1)

ईस्ट इंडिया कंपनी आरंभ में भारत में अपनी सीमाओं को बढ़ाने के लक्ष्य से आई।

प्रश्न 5 नीचे दी गई स्थितियों में किन मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है - सोच कर लिखिए। (1)

(क) जोसेफ के गाँव में बाढ़ आने से फसल बरबाद हो गई। वह काम ढूँढने दूसरे गाँव में जाना चाहता है पर पंचायत उसे रोकती है।

(ख) 12 साल का समीर तंबाकू बनाने की फैक्ट्री में काम करता है।

प्रश्न 6 नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए व पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

लोग संसद के लिए अपने प्रतिनिधियों का मतदान द्वारा चुनाव करते हैं। इन्हीं निर्वाचित प्रतिनिधियों में से एक

समूह सरकार बनाता है। जनता द्वारा चुने गए सभी प्रतिनिधियों के इस समूह को ही संसद कहा जाता है। यह संसद सरकार को नियंत्रित करती है और उसका मार्गदर्शन करती है। (2)

(क) जनता अपने प्रतिनिधि को कैसे चुनती है ?

(ख) संसद का कोई एक कार्य लिखो

प्रश्न 7 कल्पना कीजिए कि यदि पृथ्वी पर सभी पेड़ पौधे समाप्त हो जाएं तो पेड़-पौधों के लाभों को ध्यान में रखते हुए लिखिए आपको अपने दैनिक जीवन में किन दो समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ? (2)

प्रश्न 8 नीचे दी गई तालिका से निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2)

| विधान सभा में दल | सीटों की संख्या |
|---|---|
| राष्ट्रीय मजदूर मोर्चा दल | 45 |
| राष्ट्रीय किसान मोर्चा | 15 |
| राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा दल | 10 |
| मजदूर संघ | 35 |
| राष्ट्रीय नारी मोर्चा | 15 |
| | 120 |


(क) कौन सरकार बनाएगा और क्यों।

(ख) विपक्ष में कौन-कौन से दल होंगे किन्हीं दो दलों का नाम लिखिए।

प्रश्न 9 नीचे कुछ संसाधन दिए गए हैं इन्हें नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय के आधार पर अलग कीजिए। पवन ऊर्जा एक नवीकरणीय संसाधन है। पवन चक्कियों का प्रयोग किन कार्यों के लिए कर सकते हैं। ?


(2)








पैट्रोल



प्रश्न 10 1793 में अंग्रेजों ने स्थायी बंदोबस्त लागू किया, जमीदार किसानों से लगान वसूलते और उनकी ओर से चुकाई जाने वाली राशि भी स्थायी रूप से तय कर दी गई। इसे कभी बढ़ाया नहीं जाता था। (3)

(क) आपके अनुसार लगान की दर को स्थायी क्यों किया गया होगा?

(ख) क्या आज हर साल सरकार द्वारा लागू लगान / टैक्स की राशि स्थायी होती है ?

(ग) अपनी आय पर हम सरकार को हर साल आयकर देते हैं। इसके अलावा किन्हीं और दो करों के नाम लिखिए जो हम सरकार को देते हैं।

प्रश्न 11 स्कूल से घर लौटते समय मीरा ने अपनी बोतल का बचा हुआ पानी घर में लगे एक पौधे में डाल दिया। ऐसा कर

उसने जल का ............................... (सदुपयोग/ दुरूपयोग) किया। इसके अलावा वह घर पर जल संरक्षण के लिए और क्या कर सकती है ? कोई सुझाव लिखो। (3)

प्रश्न 12 दिए गए अनुच्छेदों को पढ़कर उत्तर दें : (3)

अठारवी शताब्दी के आखिर तक भारतीय नील की मांग और बढ़ गई। ईस्ट इंण्डिया कम्पनी भी भारत में नील की खेती बढ़ाने के रास्ते ढूँढने लगी। बगान मालिक उन्हें नील उगाने के लिए कम ब्याज दर पर नकद कर्जा, बीज, उपकरण, आदि उपलब्ध कराने को तैयार थे। फिर भी रैयतों ने नील की खेती करने से इंकार कर दिया। मार्च 1859 तक खेती कर रहे किसानों ने भी बागान मालिकों के खिलाफ बगावत कर दी।

(क) रैयत कौन थे ?

(ख) सभी सुविधााएं देने के बावजूद भी रैयतों ने नील की खेती करने से क्यों इंकार कर दिया?

(ग) कृषि को बढ़ावा देने के लिए आज सरकार क्या-क्या प्रयास कर रही है? कोई दो बिन्दु लिखिए।

प्रश्न 13 नीचे कुछ कार्य दिए गए हैं जो हिंसा से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक हैं यह काम किस अधिकारी द्वारा किये जाएंगे - पुलिस, सरकारी वकील, बचाव पक्ष का वकील या न्यायाधीश कार्य के सामने अधिकारी का नाम लिखो। (4)

| कार्य | अधिकारी |
|---|---|
| 1. गवाहों को सुनना | 1. ....................................... |
| 2. गवाहों से बहस करना | 2. ....................................... |
| 3. गवाहों के बयान दर्ज करना | 3. ....................................... |
| 4. जले हुए घर की तस्वीर लेना | 4. ....................................... |
| 5. फैसला लिखना | 5. ....................................... |
| 6. सबूत इकट्ठा करना | 6. ....................................... |
| 7. निष्पक्ष सुनवाई करना | 7. ....................................... |
| 8. हिंसा की शिकार महिलाओं की डॉक्टरी जाँच कराना। | 8. ....................................... |

प्रश्न 14 भारत के दिए गए मानचित्र में 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन कुछ क्षेत्र दिए गए हैं। कोई चार क्षेत्र दर्शाइये।

नोट : केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर :-

सन् : 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन को चार क्षेत्र लिखिए। (4)




The [illegible] ritorial waters of Indian extend into the sea to a distance of [illegible] nautical miles measured from the appropriate base-line.
The External Boundary and Coast-line of India shown on this map agree with the Record/Master Copy
Certified by the Survey of India Dehra Dun Vide their letter No T.B. 1218/82-A 1st

## MODEL TEST PAPER (2017-18)

## CLASS-VIII

## SOCIAL SCIENCE

## PRATIBHA GROUP

**Time : 21/2** **M.M.40**

**Space For Instructions**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. कुल प्रश्नों की संख्या 17 है।
3. प्रश्न संख्या 1 से 4 तक 1 अंक के हैं।
4. प्रश्न संख्या 5 से 10 तक 2 अंक के हैं।
5. प्रश्न संख्या 11 से 14 तक 3 अंक के हैं।
6. प्रश्न संख्या 15 से 17 तक 4 अंक के हैं।
7. प्रश्न संख्या 17 मानचित्र का प्रश्न है जिसके लिये मानचित्र संलग्न है।

प्रश्न 1 कथन को सही करके लिखिए । 1

टीपू सुल्तान को 'शेर-ए-पंजाब' कहा जाता है।

प्रश्न 2 इनमें से कौन सा जैव संसाधन है। 1

मिट्टी, पौधे, हवा, मानव

प्रश्न 3 झाँसी की रानी, अंग्रेजों के विरूद्ध क्यों लड़ी ? 1

प्रश्न 4 प्राकृतिक संसाधनों का कोई एक उदाहरण अपने घर में से दिजिए। 1

प्रश्न 5 सतत् पोषणीय विकास ही मानव विकास के लिए जरूरी है ? एक उदाहरण से इसे समझाइए ? 2

प्रश्न 6 औसतन एक भारतीय नागरिक प्रतिदिन 135 लीटर जल का उपयोग करता है ?

| उपयोग | लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन |
|---|---|
| पीना | 3 |
| खाना बनाना | 4 |
| शौचालय (फलशिंग) | 40 |
| वस्त्र धोना | 40 |
| बर्तन धोना | 20 |
| बागवानी | 23 |

कुल 135

उपरोक्त तालिका को समझते हुए क्या आप कोई दो ऐसे तरीके लिखिए जो जल के अत्यधिक उपयोग को कम करने में मददगार हो ?

प्रश्न 7 प्रथम सूचना रिपोर्ट/प्राथमिक (एफ.आई.आर) में किन-किन चीजों का वर्णन होता है व ये चीजें क्यों लिखी जाती हैं ?

प्रश्न 8 नीचें दी गई तालिका से निम्न प्रश्नों का उत्तर दिजिए

| विधान सभा में दल | सीटों की संख्या |
|---|---|
| (क) मजदुर पार्टी | 20 |
| (ख) किसान मोर्चा | 15 |
| (ग) राष्ट्रीयच मुक्ति दल | 10 |
| (घ) राष्ट्रीय मजदुर संघ | 0 |
| (ङ) अपना मुक्ति दल | 09 |
| (च) निर्दलीय | 16 |
| | 80 |

कुल सीटें - 80

निर्वाचित सदस्य - 80

(क) क्या किसी भी दल को विधानसभा में बहुमत प्राप्त हुआ है ?

(ख) क्या ऐसी स्थिति में भी सरकार का गठन हो सकता है ? यदि हो तो कैसे ?

प्रश्न 9 निम्न अपराधों को फौजदारी एवं दीवानी मुकदमों में बांटिएँ ?

भूमि की बिक्री विवाद, दहेज के लिए परेशान करना, चोरी तलाक। 2

प्रश्न 10 यदि किसी व्यक्ति के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव होता है तो उसके मौलिक अधिकार का हनन होगा ? उसके अधिकार को सुरक्षा के लिए किस प्रकार उसकी सहायता कर सकता है ? 3

प्रश्न 11 लार्ड डलहौजी की 'विलय नीति' ने किस प्रकार ब्रिटिश साम्राज्य को बढ़ाया ? उदाहरण सहित समझाइए ? 3

प्रश्न 12 भारत में नील की खेती बढ़ने से भारतीय व्यापार व कंपनी के अफसरों पर क्या प्रभाव पड़ा उदाहरण देकर समझाइए ? 3

प्रश्न 13 आपके अनुसार इतिहास को जानने के कौन-कौन से स्रोत होते हैं व दन स्रोतों को चुनने में किन बातों को ध्यान रखना जरूरी है ? 3

प्रश्न 14 यदि आपको संसाधन संरक्षण करना हो तो आप क्या–क्या उपाय अपनाओगे ? उदाहरण सहित समझाइए ?4


प्रश्न 15 नवीकरणीय न अनवीकरणीय संसाधनों में आप कौन सा संसाधन का प्रयोग करोगे और क्यों ? अपने उत्तर को कारण सहित समझाइए ? 4

अथवा

संभाव्य संसाधनों को उपयोग को बढ़ाने के आप कोई दो सुझाव उदाहरण सहित दीजिए ?

प्रश्न 16 जिस प्रकार भारत का संविधान देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक है अपनी कक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुछ नियम व्यवस्था बनाइए व किन्हीं चार बिन्दुओं को लिखिए ? 4

प्रश्न



# MODEL TEST PAPER-2017-18

## CLASS-VIII

## SUBJECT- SOCIAL SCIENCE

## NEO-READER GROUP

**TIME : 2½ Hrs** **M.M. : 30**

| | | |
|---|---|---|
| **Name** | : | |
| **Class/Section** | : | |
| **Roll No.** | : | |

*सामान्य निर्देश :-*

1. यह प्रश्न–पत्र केवल गैर पाठकों के लिये है।
2. इस पुस्तिका के सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. अपने उत्तर पुस्तिका में ही दिए गए स्थान पर लिखे।
4. इस पुस्तिका में कुल 14प्रश्न हैं।
5. प्रश्न संख्या 1–5 तक 1 अंक के हैं।
6. प्रश्न संख्या 6–9 तक 2 अंक के हैं।
7. प्रश्न संख्या 10–12 तक 3 अंक के हैं।
8. प्रश्न संख्या 13–14, 4 अंक के हैं।
9. प्रश्न संख्या 14 मानचित्र का प्रश्न है जिसके लिये मानचित्र संलग्न हैं। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिये भाग 'ख' है।

रिक्त स्थान भरो –

यूरोप के बाजारों में भारत की बनी किन चीज़ों की जबरदस्त मांग थी?

1. ______ सूतीवस्त्र या ऊनी वस्त्र। 1
2. ______ काली मिर्च या शिमला मिर्च। 1

3. सही करके लिखो। 1

पुलिस जेल में अपराधी के साथ मारपीट कर सकती है।

______

4. पुलिस अपराधी को अपनी इच्छा का वकील चुनने नहीं दे सकती-सत्य/असत्य

ख्र

5. अपने स्कूल में बिजली और पानी बचाने का एक-एक उपाय पहचानिये और लिखिये।

***बिजली : खाली कक्षा में पंखे और लाईट का बटन***

1) बन्द कर देना

2) खुले रहने देना

ख्र

पानी : बहते नल को

1) बन्द कर देना

2) खुला ही छोड़ देना

ख्र

6. आपकी कक्षा में कौन-कौन से संसाधन है। किन्हीं चार की सूची बनाइये। 2

1)


3)

2)

4)

7. नीचे कुछ अलग-अलग शब्द दिए गए है उन्हें सही क्रम में रखकर वाक्य पूरा कीजिए। 2

उदाहरण के लिए -





वाक्य- भारत एक धर्म निरपेक्ष राज्य है।





वाक्य-

8. चित्र के अनुसार आप बस स्टॉप पर खड़े हैं और स्कूल जाना चाहते हैं। आप कौन-कौन से स्थानों से होते हुए स्कूल पहुँचेंगे। 2




9. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखो तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। 3

क) घोड़े पर कौन सवार है? (सिपाही/किसान)



ख) घुड़सवार के हाथ में क्या है? (तलवार/माला)

ग) मुगल फौज किस प्रकार की थी?

i) पैदल  ii) घुड़सवार  iii) पैदल और घुड़सवार दोनो

10. नीचे कुछ प्राकृतिक व मानव निर्मित संसाधन दिए गए है। उन्हें अलग-अलग वर्गों में बांटों। 3



संसाधन

| मानव निर्मित | प्राकृतिक |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |

11. नीचे कुछ मौलिक अधिकारों की एक-एक विशेषता दी गई है। संकेत के आधार पर उन्हें मौलिक अधिकार के सामने दिये गए स्थान पर लिखिए :- 3

I मुझे अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है।

ii) कानून की नज़र में सभी लोग समान है।

iii) मैं कोई भी धर्म अपना सकता हूँ।

उ. मौलिक अधिकार – विशेषता

| मौलिक अधिकार | | विशेषता |
|---|---|---|
| i) समानता का अधिकार | – | |
| ii) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार | – | |
| iii) स्वतंत्रता का अधिकार | – | |

12. यदि आप पुलिस अफसर होते तो आप अपने इलाके की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए क्या-क्या काम करेंगे। कोई तीन कार्य लिखिए। 3

1. 

2. 

3. 

13. चित्र बनाओ- एक नवीकरणीय। 4

एक अनवीकरणीय वस्तु का।

चित्र- नवीकरणीय

चित्र- अनवीकरणीय

14. मानचित्र कार्य - भारत-1857 दिए गये मानचित्र का अध्ययन करो तथा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दिऐ गए स्थान पर लिखो।

क) ब्रिटिश शासन के अधीन कोई दो क्षेत्र लिखिए।

| 1) | | 2) | |
|---|---|---|---|

अथवा

(केवल नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए)

कोई दो क्षेत्र लिखिए :-

1. जो 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन थे।

| | |
|---|---|
| | |

2. जो 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं थे।

| | |
|---|---|
| | |

